दिन– मंगलवार दिनांक– 07 / 10 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। अवधि– 15 मिनट

01. महागठबंधन के घटक दलों के बीच कल सीटों के बंटवारे की होगी घोषणा। वीआईपी प्रमुख मुकेश सहनी ने कहा– सभी दलों को मिलेगी सम्मानजनक सीटें।

02. एनडीए के घटक दलों भाजपा, जदयू, लोक जनशक्ति पार्टी– रामविलास, हिन्दुस्तानी अवाम मोर्चा और राष्ट्रीय लोक मोर्चा के बीच सीटों के बंटवारे को लेकर बातचीत अंतिम दौर में।

03. सर्वोच्च न्यायालय ने निर्वाचन आयोग से बिहार में हुए मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के दौरान हटाए गए तीन लाख छियासठ हजार मतदाताओं के नामों की जानकारी मांगी।

04. और, पटना उच्च न्यायालय ने भाकपा–माले के पूर्व विधायक मनोज मंजिल को हत्या के एक मामले में मिली उम्रकैद की सजा को बरकरार रखा।

---

विधानसभा चुनाव को लेकर महागठबंधन के घटक दलों के बीच कल सीटों के बंटवारे की घोषणा कर दी है। विकासशील इंसान पार्टी प्रमुख मुकेश सहनी ने आज पटना में संवाददाताओं से बातचीत में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सभी दलों को सम्मानजनक सीटें मिलेंगी।

———बाइट———

इससे पूर्व,महागठबंधन के घटक दलों की आज पटना में एक बैठक हुयी। बैठक में मुख्य रूप से सीटों के बंटवारे को लेकर चर्चा की गयी। साथ ही महागठबंधन के नये सहयोगियों झारखंड मुक्ति मोर्चा और राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी की भूमिका को लेकर भी चर्चा की गयी। इस बीच, कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम ने कहा कि महागठबंधन में सीटों के बंटवारे को लेकर सभी घटक दलों के नेताओं के साथ बातचीत चल रही है। उन्होंने कहा कि कल दिल्ली में कांग्रेस की कार्यसमिति की बैठक में वे पूरी बातों को रखेंगे।

———बाइट———

---

भाकपा माले के केंद्रीय समिति के सचिव कुमार परवेज ने कहा है कि महागठबंधन में मुख्यमंत्री पद के चेहरे को लेकर कोई विवाद नहीं है। उन्होंने कहा कि

राजद महागठबंधन में सबसे बड़ी पार्टी है और तेजस्वी प्रसाद यादव ही मुख्यमंत्री पद के चेहरे हैं।

———बाइट———

---

एनडीए के घटक दलों भाजपा, जदयू, लोक जनशक्ति पार्टी– रामविलास, हिन्दुस्तानी अवाम मोर्चा और राष्ट्रीय लोक मोर्चा के बीच सीटों के बंटवारे को लेकर बातचीत अंतिम दौर में पहुंच गया है। आज नई दिल्ली में भाजपा के बिहार चुनाव प्रभारी धर्मेन्द्र प्रधान और पार्टी के प्रदेश प्रभारी विनोद तावड़े ने लोक जनशक्ति पार्टी, रामविलास के अध्यक्ष चिराग पासवान के साथ मुलाकात की। पैंतालीस मिनट तक चली इस बैठक में मुख्य रूप से सीटों के बंटवारे को लेकर चर्चा हुयी।

---

इधर, जदयू की एक महत्वपूर्ण बैठक पार्टी अध्यक्ष और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के आवास पर आयोजित की गयी। बैठक में पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा और वरिष्ठ नेता विजय कुमार चौधरी समेत कई अन्य नेता मौजूद थे। इस बैठक में जदयू कोटे की सीटों और उम्मीदवारों के चयन पर मुख्य रूप से विचार विमर्श किया गया। पार्टी के वरिष्ठ नेता अशोक चौधरी ने कहा कि एनडीए जल्द ही सीटों के अंतिम बंटवारे की घोषणा करेगा।

———बाइट———

---

हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा के अध्यक्ष संतोष कुमार सुमन ने कहा है कि एनडीए में सीटों के बंटवारे को लेकर बातचीत जारी है। अगले दो से तीन दिनों में इस पर अंतिम फैसला हो जाएगा। श्री सुमन ने कहा कि उनकी पार्टी अधिक से अधिक सीट चाहती है ताकि उनकी पार्टी एक मान्यता प्राप्त पार्टी बन सके।

———बाइट———

---

जदयू के वरिष्ठ नेता राजीव रंजन ने दावा किया है कि बिहार में एक बार फिर एनडीए की सरकार बनने जा रही है। आज पटना में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने

कहा कि महागठबंधन के घटक दलों के बीच आंतरिक गुटबाजी है और मुख्यमंत्री के चेहरे को लेकर भी सभी दलों की अलग–अलग राय है।

–––बाइट–––

————————————————————————————————

आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता संजय सिंह ने कहा है कि उनकी पार्टी बिहार विधानसभा चुनाव मजबूती के साथ लड़ेगी। नई दिल्ली में संवाददाताओं से बातचीत में उन्होंने कहा कि ये बिहार के लोग ही तय करेंगे की वे बदलाव चाहते हैं की नहीं।

–––बाइट–––

————————————————————————————————

लोक जनशक्ति पार्टी, रामविलास ने जमुई के सांसद अरूण भारती को पार्टी का चुनाव प्रभारी नियुक्त किया है। साथ ही प्रदेश अध्यक्ष राजू तिवारी को सह चुनाव प्रभारी की जिम्मेदारी दी गयी है। पार्टी के राष्ट्रीय प्रधान महासचिव अब्दुल खालिग ने ये जानकारी दी।

————————————————————————————————

लोक गायिका मैथिली ठाकुर ने कहा है कि यदि उन्हें मौका मिलता है तो वे अपने क्षेत्र से विधानसभा चुनाव लड़ेंगी। पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि बिहार और खासकर मिथिला से उनका भावनात्मक जुड़ाव है।

–––बाइट–––

————————————————————————————————

सर्वोच्च न्यायालय ने निर्वाचन आयोग से बिहार में हुए मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के दौरान हटाए गए तीन लाख छियासठ हजार मतदाताओं के नामों की जानकारी मांगी है। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉय माल्या बागची की पीठ ने इक्कीस लाख नये नाम जोड़ने के संबंध में भी नौ अक्टूबर तक जानकारी उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है। मामले की अगली सुनवाई नौ अक्टूबर को होगी।

————————————————————————————————

पटना उच्च न्यायालय ने भाकपा–माले के पूर्व विधायक मनोज मंजिल को हत्या के एक मामले में मिली उम्रकैद की सजा को बरकरार रखा है। साथ ही अन्य दोषियों

की सजा भी बरकरार रखी गयी है। इधर, पार्टी के राज्य सचिव कुणाल ने कहा कि इस फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी जाएगी।

---

प्रसार भारती के वेव्स ओटीटी प्लेटफॉर्म ने प्रमुख प्रदर्शन मानकों में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की है। आकाशवाणी के पटना केंद्र में आयोजित संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए चैनल मैनेजर सह आकाशवाणी पटना के केंद्र प्रमुख हेमंत डी. सिडाम ने कहा कि इस प्लेटफॉर्म का उद्देश्य दूरदर्शन और आकाशवाणी की समृद्ध विरासत को आज के डिजिटल दर्शकों की मांगों के साथ जोड़ना है। यह सुविधा पूरी तरह निःशुल्क है।

---बाइट--

---

निगरानी जांच ब्यूरो की टीम ने जहानाबाद अंचल कार्यालय से राजस्व कर्मचारी अविनाश कुमार अनिल को पांच हजार रुपये रिश्वत लेते रंगेहाथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार कर्मी शिकायतकर्ता से दाखिल–खारिज के एवज में घूस ले रहा था।

---

बंगाल की खाड़ी में बने निम्न दबाव के क्षेत्र के कमजोर पड़ने से राज्य में बारिश की गतिविधियों में कमी आई है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान किशनगंज के ठाकुरगंज में अट्ठाईस दशमलव दो मिलीमीटर बारिश हुयी है। मौसम विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि आज राज्य के पूर्वी भाग के कुछ स्थानों पर तेज हवा के साथ मेघगर्जन और हल्की बारिश की संभावना है। विभाग ने कहा है कि अगले दो से तीन दिनों में अधिकतम और न्यूनतम तापमान में क्रमिक रूप से बढ़ोतरी होगी।

---

बारिश की गतिविधियों में कमी आने से राज्य से होकर गुजरने वाली नदियों के जलस्तर में कमी आई है। हालांकि अभी भी गंडक, बागमती, कमलाबलान, कोसी और परमान नदी कई स्थानों पर खतरे के निशान से ऊपर है। हमारे सुपौल संवाददाता ने बताया कि बाढ़ की स्थिति में धीरे–धीरे सुधार होने लगा है। भीमनगर–बीरपुर बाराज पर कोसी नदी के जलस्तर में कमी आयी है। जल संसाधन विभाग के अधिकारी टूटे

तटबंधों की मरम्मत में जुटे हुए हैं। इधर, सहरसा, सीतामढ़ी, किशनगंज, शिवहर, पूर्वी चंपारण और पश्चिमी चंपारण जिले में भी बाढ़ की स्थिति में सुधार है।

---

शेखपुरा जिले के अरियरी थाना क्षेत्र अंतर्गत सनैया गांव में पुलिस ने एक घर में छापेमारी कर दो राईफल, दो देशी पिस्तौल और भारी मात्रा में कारतूस के साथ पिता–पुत्र को गिरफ्तार किया है।

बेगूसराय जिले के बलिया थाना क्षेत्र से जिला आसूचना इकाई और पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई में चार तस्करों को आठ सौ ग्राम मादक पदार्थ स्मैक के साथ गिरफ्तार किया है।

कटिहार–जोगबनी रेलखंड पर आज से ट्रेनों का परिचालन सामान्य हो गया है। भारी बारिश के बाद इस रेलखंड पर ट्रेन परिचालन बाधित हुआ था।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर..........

01. महागठबंधन के घटक दलों के बीच कल सीटों के बंटवारे की होगी घोषणा। वीआईपी प्रमुख मुकेश सहनी ने कहा– सभी दलों को मिलेगी सम्मानजनक सीटें।

02. एनडीए के घटक दलों भाजपा, जदयू, लोक जनशक्ति पार्टी– रामविलास, हिन्दुस्तानी अवाम मोर्चा और राष्ट्रीय लोक मोर्चा के बीच सीटों के बंटवारे को लेकर बातचीत अंतिम दौर में।

03. सर्वोच्च न्यायालय ने निर्वाचन आयोग से बिहार में हुए मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के दौरान हटाए गए तीन लाख छियासठ हजार मतदाताओं के नामों की जानकारी मांगी।

04. और, पटना उच्च न्यायालय ने भाकपा–माले के पूर्व विधायक मनोज मंजिल को हत्या के एक मामले में मिली उम्रकैद की सजा को बरकरार रखा।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।